# कार्यालय :– वन प्रमण्डल पदाधिकारी, बोकारो वन प्रमण्डल, बोकारो।

**BLOCK-A, VAN BHAWAN, PURULIA ROAD, CHAS, BOKARO-827013**

*E-mail : dfo-bokaro@gov.in & bokarodfo@gmail.com* *Phone No : +91 8987790304*


पत्रांक :– 97 दिनांक :– 18/01/2025

सेवा में,

Sri Binay Kumar,
Dy General Manager(E)
TSC-III, DVC, Panchet.

विषय :– **मेसर्स DVC द्वारा CCL Karo Konar 33 KV DC Transmission Line for 16 MVA Power Supply Arrangement परियोजना हेतु कुल–4.9969 हे0 वनभूमि अपयोजन के प्रस्ताव के संबंध में।**

प्रसंग :– आपका पत्रांक–594 दिनांक–24.12.2024

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में सूचित करना है कि मेसर्स DVC द्वारा CCL Karo Konar 33 KV DC Transmission Line for 16 MVA Power Supply Arrangement परियोजना हेतु कुल–4.9969 हे0 वनभूमि अपयोजन के संबंध में भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय राँची के पत्रांक–562 दिनांक–17.09.2024 द्वारा कुल–07 बिन्दुओं पर प्रतिवेदन की मांग की गई है, जिसके आलोक में प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा समर्पित पत्र का अवलोकन किया गया। प्रयोक्ता अभिकरण के प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में कई बिन्दु स्पष्ट नहीं हो पा रहा है तथा पृच्छा की गयी प्रश्न के आधार पर उत्तर नहीं दिया गया है–

1. आपके द्वारा समर्पित KML में विस्तृत विवरणी(मौजा नाम/प्लॉट नं0/थाना नं0/रकवा) दर्शाया नहीं गया है।

2. प्रश्न सं0–05 के दूसरे भाग में कहा गया है कि आपकी लाईन BTPS या अन्य के क्षेत्र से गुजरती है तो आपके द्वारा BTPS का भी NOC लगाया जाना आवश्यक है। अगर BTPS के अन्तर्गत आपका लाईन नहीं गुजरती है तो इस संबंध में स्पष्ट किया जाय कि आपका लाईन BTPS या अन्य के किस क्षेत्र से गुजरती है, ताकि इस कार्यालय के अभिलेखों से पता लगाया जा सके कि BTPS या अन्य को Forest Diversion प्राप्त है अथवा नहीं?

3. प्रश्न सं0–06 में भारत सरकार के द्वारा जो पृच्छा की गयी है उस संदर्भ में कहना है कि अतिक्रमण अधिसूचित वनभूमि पर नहीं है अपितु KML के अनुसार Ap-12 (GMJJ Land) तथा Ap-24 एवं Ap-25 में अतिक्रमण दिख रहा है, इस संदर्भ में वस्तु स्थिति स्पष्ट रूप से बताया जाय। प्रश्न सं0–06 में दिये गए Gps point का प्लॉट नं0 दिया जाए।

4. प्रश्न सं0–07 के संबंध में कहना है कि इसका प्रमाण पत्र दिया जाए कि पूरे एरिया को प्रस्ताव में सम्मिलित कर लिया गया है।

अतः अनुरोध है कि भारत सरकार द्वारा की गयी पृच्छा के अनुरूप आवश्यक प्रतिवेदन स्पष्ट उत्तर सहित शीघ्र समर्पित किया जाए, ताकि अग्रेत्तर कार्रवाई किया जा सके।

**अनु0यथोक्त–**

विश्वासभाजन,

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
बोकारो वन प्रमण्डल, बोकारो।
18/01/2025